<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>विश्वविद्यालय के रूद्राक्ष भवन पर किया गया वृक्षारोपण</u>

पन्तनगर। 13 अगस्त 2024। विश्वविद्यालय के रूद्राक्ष भवन के परिसर में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के अभियान 'एक पेड़ माँ के नाम' के अंतर्गत कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान के नेतृत्व में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ कुलपति द्वारा अशोक पेंडुला के पौध का वृक्षारोपण कर किया गया। कुलपति डा. चौहान द्वारा इस अवसर पर सभी को एक पेड़ माँ के नाम लगाने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर कुलपति की उपस्थिति में कुलसचिव डा. दीपा विनय; नियंत्रक श्रीमती आभा गर्खाल; अधिष्ठात्री सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय डा. अल्का गोयल; अधिष्ठाता स्नातकोत्तर डा. के.पी. रावेरकर; अधिष्ठाता पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय डा. ए.एच. अहमद; अधिष्ठाता विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय डा. संदीप अरोरा; अधिष्ठाता कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय डा. आर.एस. जादौन; अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. बृजेश सिंह; निदेशक प्रसार शिक्षा डा. जितेन्द्र क्वात्रा; निदेशक शोध डा. ए.एस. नैन एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम के उपरान्त कुलपति ने रूद्राक्ष भवन का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए विश्वविद्यालय को एनआईआरएफ रैकिंग में 8वीं रैंक प्राप्त करने पर सभी को बधाई दी।

कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान के साथ वृक्षारोपण करती कुलसचिव डा. दीपा विनय, नियंत्रण श्रीमती आभा गर्खाल एवं अधिष्ठात्री डा. अल्का गोयल।

निदेशक संचार